**उत्तर प्रदेश सरकार**

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**

19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

## सूचना/ विज्ञप्ति

**(वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु )**

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में दिनांक 05 अक्टूबर, 2025 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्तियों के परीक्षणोंपरान्त निरस्त प्रश्नों व संशोधित उत्तर विकल्पों का प्रकाशन**

संख्या : पीआरपीबी-चार-12(37)/2025 (भाग-4) दिनांक : नवम्बर 06, 2025

मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 05-10-2025 को सम्पन्न हुई प्रथम चरण की लिखित परीक्षा की प्रश्नपुस्तिका एवं उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर दिनांक 09-10-2025 को प्रदर्शित करते हुए अभ्यर्थियों से प्रदर्शित की गयी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी के प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में दिनांक 12-10-2025 की मध्य रात्रि तक आपत्तियॉ आमन्त्रित की गयीं थी।

2- अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में प्रेषित आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त एवं विषय विशेषज्ञ की संस्तुतियों के आधार पर प्रश्न/उत्तर विकल्प त्रुटिपूर्ण होने के कारण 04 प्रश्नों को निरस्त एवं 01 प्रश्न का एक से अधिक उत्तर विकल्प सही होना पाया गया है तथा 04 प्रश्नों के उत्तर विकल्प परिवर्तित/संशोधित किये गये हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

**(क) निरस्त किये गये प्रश्नों का विवरण**

| क्र0सं0 | प्रश्न संख्या (सीरीज के अनुसार) | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | सीरीज-B-1 | सीरीज- B-2 | सीरीज- B-3 | सीरीज- B-4 | |
| 1 | 09 | 15 | 22 | 02 | निरस्त |
| 2 | 26 | 110 | 58 | 105 | निरस्त |
| 3 | 33 | 99 | 71 | 93 | निरस्त |
| 4 | 35 | 101 | 73 | 95 | निरस्त |

**(ख) एक से अधिक उत्तर विकल्प सही पाये गये प्रश्नों का विवरण**

| क्र0सं0 | प्रश्न संख्या (सीरीज के अनुसार) | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | सीरीज-B-1 | सीरीज- B-2 | सीरीज- B-3 | सीरीज- B-4 | |
| 1 | 32 | 98 | 70 | 92 | इस प्रश्न का उत्तर विकल्प **A** व **B** दोनो सही पाये गये हैं। |

**(ग) उत्तर विकल्प संशोधित किये गये प्रश्नों का विवरण**

| क्र0सं0 | प्रश्न संख्या (सीरीज के अनुसार) | | | | प्रकाशित उत्तर कुंजी | संशोधित उत्तर कुंजी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सीरीज- B-1 | सीरीज- B-2 | सीरीज- B-3 | सीरीज- B-4 | | |
| 1 | 27 | 111 | 59 | 106 | B | A |
| 2 | 48 | 80 | 97 | 57 | C | B |
| 3 | 49 | 81 | 98 | 58 | B | D |
| 4 | 113 | 107 | 34 | 61 | A | B |

3- 04 प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के त्रुटिपूर्ण होने के कारण प्रश्नों को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा निरस्त प्रश्नों के लिए आवंटित अंको का वितरण अभ्यर्थियों को मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या-2669(एम0बी0)/2009 पवन कुमार अग्रहरि बनाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा तथा 01 प्रश्न का एक से अधिक विकल्प सही है इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि यदि अभ्यर्थी द्वारा सही विकल्पों में से किसी एक विकल्प को भरा गया है तो उसे सही उत्तर के लिए निर्धारित अंक प्रदान किया जायेगा।

4- उपरोक्त चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्गत की जा रही उत्तर कुंजी अन्तिम है। इसके पश्चात प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों तथा उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी न ही उस पर कोई विचार किया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन प्रक्रिया के अगले प्रक्रम (व्यवहारिक तकनीकी ज्ञान परीक्षा) हेतु अर्ह/अनर्ह होने की सूचना शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर प्रकाशित की जायेगी।

5- यद्यपि उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनींकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा। यह सूचना सर्वसाधारण के लिए है। अत: जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत अथवा अन्य माध्यमों से पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

06/11/25

अपर सचिव-प्रोन्नति,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।